>

Title: Need to provide a permanent gate at railway crossing near Potahi railway station in Pataliputra Parliamentary Constituency, Bihar.

प्रो. रंजन प्रसाद यादव (पाटलिपुत्र): मैं रेलवे मंत्री का ध्यान मेरे निर्वाचन क्षेत्र पाटलिपुत्र में पोठही स्टेशन पर गुमटी का निर्माण न होने के कारण लोगों की असुरक्षा की ओर दिलाना चाहता हूं। यह स्टेशन पुनपुन प्रखंड के केवरा पंचायत के 30 से 40 गांवों की जनता द्वारा उपयोग किया जाता है। जनता तथा वाहनों को स्टेशन पार करते समय जीवन-मृत्यु का खतरा बना रहता है। स्थायी गुमटी न होने के कारण यहां पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अतः मैं मंत्री महोदया से आग्रह करता हूं कि पोठही स्टेशन के दक्षिण दिशा में स्थायी तौर पर गुमटी का निर्माण करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे, जिससे खेदजनक दुर्घटनाओं को रोका जा सके तथा बहुमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सके।